9/2014

संकलनात्मक परीक्षा-1 (कक्षा : छठी)

विषय : हिन्दी

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 80

खण्ड - 'क'

प्र1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

किसान हमारा अन्नदाता है। वह अन्न उगाकर दूसरों का पेट पालता है। भारत का किसान सीधा-सादा, शहर की सुख-सुविधाओं से दूर रहने वाला, गर्मी, सर्दी तथा वर्षा की परवाह किए बिना अपना कर्त्तव्य निभाने वाला जीव है। उसके जीवन का उद्देश्य लोगों की भोजन संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करना होता है। उसे न अपने जीवन से कुछ शिकायत होती है और न ही वह तेज़ धूप, वर्षा की काली घटाओं या हाथ कँपा देने वाली ठंड से डरता है। वह तो हर स्थिति में अपने कर्त्तव्य का पालन करता है। परिश्रम उसके जीवन का आधार है। आज भी भारतीय किसान का जीवन कष्टों से भरा है। वर्षा का समय पर न होना, बाढ़ आना, गरीबी, अशिक्षा के कारण उसे गरीबी का जीवन जीना पड़ता है। किसानों के महत्त्व को जानते हुए लाल बहादुर शास्त्रीजी ने नारा दिया था - 'जय जवान, जय किसान।' सरकार को अपने अन्नदाता के जीवन को ऊँचा उठाने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा।

(क) किसान को अन्नदाता क्यों कहा जाता है? (1)

(ख) किसान की क्या-क्या विशेषताएँ होती हैं? (2)

(ग) भारतीय किसानों का जीवन कष्टों भरा क्यों है? (1)

(घ) लालबहादुर शास्त्री ने किसानों के लिए कौन-सा नारा दिया था? (1)

प्र2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

जीवन में आगे बढ़ना है तो, सीखो नदी-पहाड़ों से।
रुकना न कभी डर कर, आँधी-तूफ़ानों से।
कल-कल करती नदियाँ बहतीं, सबको खुशियाँ देती हैं।
कोई कूड़ा डाले तो मन ही मन वे रोती हैं।
अपने निर्णय पर अटल, सदा खड़ा है पर्वत राज।
आँधी-तूफान कितने आएँ, कभी न हिलता उसका ताज।

(क) नदी व पहाड़ों से हम क्या सीखते हैं? (1)

(ख) नदियाँ कैसे बहती हैं? वे हमें क्या देती हैं? (1)

(ग) नदियों को साफ कैसे रखा जा सकता है? (1)

(घ) पर्वत हमें क्या सीख देता है? (1)

(ङ) ऊपर लिखे काव्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए। (1)

## खण्ड - 'ख'

प्र3. (क) निम्नलिखित भाषाओं की लिपि बताइए : हिन्दी, पंजाबी (1)

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा रेखांकित कर भेद बताइए : (2)

(i) मित्रता निभाना कठिन होता है।

(ii) उसने सारा तेल गिरा दिया।

(ग) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर रिक्तस्थान भरिए : (1)

(i) गायक और __________ समारोह में आए थे।

(ii) __________ और मालिन पौधे सींच रहे हैं।

(घ) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द का वचन बदलकर वाक्य दुबारा लिखिए : (1)

मछली तालाब में तैर रही है।

प्र4. (क) नीचे लिखे वाक्य में कारक-चिह्न रेखांकित कर भेद बताइए : (1)

रवि फल खरीदने के लिए बाज़ार गया है।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम रेखांकित कर भेद बताइए : (2)

(i) रवि को कोई बुला रहा है।

(ii) मैं भारत का नागरिक हूँ।

(ग) दिए गए वाक्य में उचित स्थान पर विराम-चिह्न लगाइए : (1)

शाम को सूरज धीरे धीरे ढलता है

प्र5. (क) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : जय, घृणा (1)

(ख) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : नदी, घोड़ा (2)

(ग) निम्नलिखित शब्द का वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग करें कि उनके दो भिन्न अर्थ स्पष्ट हो जाएँ : घट (2)

(घ) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए : (1)

(i) जो वन में घूमता हो

(ii) रचना करने वाला

## खण्ड - 'ग'

प्र6. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

वह चिड़िया जो
चोंच मारकर
चढ़ी नदी का दिल टटोलकर
जल का मोती ले आती है
वह छोटी गरबीली चिड़िया
नीले पंखोंवाली मैं हूँ
मुझे नदी से बहुत प्यार है।

(क) 'चढ़ी नदी का दिल टटोलकर' - पंक्ति का क्या अर्थ है? (1)

(ख) कवि ने 'मोती' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया है? (1)

(ग) चिड़िया को नदी से प्यार क्यों है? (1)

(घ) चिड़िया अपने आपको गरबीली क्यों मानती है? (1)

(ङ) काव्यांश के कवि का नाम और भाषा बताइए। (1)

प्र7. (क) कविता 'चाँद से थोड़ी-सी गप्पें' का मूलभाव क्या है? (2)

(ख) चिड़िया पेड़ों का अकेलापन कैसे दूर करती है? कविता 'वह चिड़िया जो' के आधार पर बताइए। (2)

प्र8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

केशव के घर कार्निस के ऊपर एक चिड़िया ने अंडे दिए थे। केशव और उसकी बहन श्यामा दोनों बड़े ध्यान से चिड़िया को वहाँ आते-जाते देखा करते। सवेरे दोनों आँखें मलते कार्निस के सामने पहुँच जाते और चिड़ा और चिड़िया दोनों को वहाँ बैठा पाते। उनको देखने में बच्चों को न मालूम क्या मज़ा मिलता, दूध और जलेबी की सुध भी न रहती थी। दोनों के दिल में तरह-तरह के सवाल उठते। अंडे कितने बड़े होंगे? किस रंग के होंगे? क्या खाते होंगे? उनमें से बच्चे किस तरह निकल जाएँगे? बच्चों के पर कैसे निकलेंगे? घोंसला कैसा है? लेकिन इन बातों का जवाब देने वाला कोई नहीं। न अम्मा को घर के काम-धंधों से फुरसत थी, न बाबूजी को पढ़ने-लिखने से। दोनों बच्चे आपस ही में सवाल-जवाब करके अपने दिल को तसल्ली दे लिया करते थे।

(क) बच्चों को किस चीज़ की सुध नहीं रहती थी और क्यों? (1)

(ख) केशव और श्यामा आपस में ही सवाल-जवाब क्यों करते थे? (2)

प्र9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए : (3X_6)

(क) 'तुम्हें बताऊँगी कि हमारे समय और तुम्हारे समय में कितनी दूरी हो चुकी है।' - पाठ 'बचपन' के आधार पर बताइए कि लेखिका के बचपन और आजकल के समय में बदलाव कैसे आ गया है?

(ख) लंदन में भोजन पर बुलाए जाने पर गांधीजी ने क्या किया? पाठ 'नौकर' के आधार पर बताइए।

प्र10. (क) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए : (2)

आगंतुक, कोलाहल, पेचीदा, निपुण

(ख) निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए : (2)

रौनक, प्रतिदिन

प्र11. आपने 'नौकर' पाठ पढ़ा है जिसमें गांधीजी अपने काम स्वयं करते थे। आप अपने कौन-से काम स्वयं करते हैं? अपने अनुभव के आधार पर बताइए कि हमारे लिए आत्मनिर्भर बनना क्यों आवश्यक होता है? (3)

अथवा

कविता 'वह चिड़िया जो' में चिड़िया अपने व्यवहार से जंगल में सबकी प्रिय थी। आप अपने जीवन की कोई ऐसी घटना बताइए जब आपने अपने व्यवहार से सबका मन जीत लिया हो।

प्र12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (2X3=6)

(क) राधिका की माँ बच्चों को घर पर अकेला छोड़ने के लिए तैयार क्यों नहीं थीं? कहानी 'छुन-छुन-छुन' के आधार पर बताइए।

(ख) रेनु को गीत गाते हुए खाँसी क्यों आ गई थी? कहानी 'प्रतियोगिता' के आधार पर बताइए।

(ग) रहीम अपने अब्बा के साथ फूल खरीद कर लाया था। उसने फूल किसके लिए खरीदे थे और क्यों? कहानी 'यारों की बगिया' के आधार पर बताइए।

प्र13. कहानी 'छुन-छुन-छुन' में दो छत्ती में जाने का फैसला किसने किया? वहाँ उसने क्या देखा? यदि राधिका की जगह आप होते तो क्या करते? (4)

अथवा

'यारों की बगिया' कहानी में रहीम ने अपने मित्रों के साथ मिलकर एक सुन्दर बगिया का निर्माण किया। आपके विचार में कोई कार्य अकेले किया जाना चाहिए या मिलकर और क्यों?

## खण्ड - 'घ'

प्र14. नई घड़ी के बारे में बताते हुए दादा व पोते में संवाद लिखिए। (4)

प्र15. नीचे दिए गए चित्र को देखकर 25-30 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (3)



प्र16. किसी भी साबुन के लिए सुंदर व आकर्षक विज्ञापन बनाइए। (3)

प्र17. आपने पुस्तकालय में कहानियों की पुस्तक पढ़ी है। उसमें आपको क्या अच्छा लगा और क्यों, यह बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए। (5)

अथवा

जीवन में परिश्रम का महत्त्व बताते हुए अपनी छोटी बहन को पत्र लिखिए।

प्र18. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 250 शब्दों में निबंध लिखिए। (5)

(क) आओ वृक्ष लगाएँ, धरती को बचाएँ

(ख) मेरा प्रिय मित्र

(ग) एक सैनिक की आत्मकथा